अप्प दीपों भव
''स्वयं दीपक बनो''
"Be Enlightend"

स्थापित – 2018
PROSPECTUS

बृजलाल पाण्डेय महाविद्यालय

बैरीपुर रामनाथ मनकापुर–गोण्डा (उ0प्र0)

डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध



नियमावली एवं निर्देशिका

PROSPECTUS

दिलीप कुमार पाण्डेय
प्रबन्धक

डॉ0 रफाकत अली
प्राचार्य

प्रबंधक का संदेश

शिक्षा सदैव मनुश्य और समाज को प्रबुद्ध करती रही है। यह ऐसा उपकरण है जो किसी समाज और राष्ट्र की निरंतर भौक्षणिक आर्थिक सामाजिक आध्यात्मिक दार्शनिक और वैज्ञानिक प्रगति और प्रगति में मदद करता है। मानव में शिक्षा की अहम भूमिका है स्नातक एंव स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा व्यक्ति के जीवन को गौरवशाली आनंदमय एंव आत्मनिर्भर बनाने की महत्वपूर्ण कड़ी है। शिक्षा के क्षेत्र में समाज में योगदान देने के विचार ने मुझे महाविद्यालय की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया और मुझे गर्व और खुशी महसूस हो रही है कि संस्थान अपने लक्ष्यों को अच्छी तरह से प्राप्त कर रहा है। हमारा प्राथमिक लक्ष्य छात्रों में निर्धारित पाठ्यक्रम के अलावा भविश्य में जीवन के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने की क्षमता विकसित करना है। वर्तमान सपनों और गलाकाट प्रतिस्पर्धा का समय है। जीवन में सफल व्यक्ति बनने के लिए जरूर एक लक्ष्य तय करने उसके सपने देखने और अपने सभी प्रयास करते हुए लगातार उसका पीछा करने की है। हमारा उद्देश्य छात्रों में उन गुणों और उत्साह को विकसित करना है जो उन्हें गौरव के पथ पर ले जाए। मुझे यकीन है कि कॉलेज के शिक्षण/गैर–शिक्षण कर्मचारी छात्रों के व्यक्तितित्व को विकसित करने में अपना सर्वश्रेश्ठ प्रयास करेगें जिससे उनके सपने पूरे होगें। यह भी उम्मीद करता हूं कि छात्र भी अनुशासन बनाए रखेंगे अपने शिक्षकों बड़ों का सम्मान करेंगे और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृश्ट प्रदर्शन करेंगे।

दिलीप कुमार पाण्डेय

प्रबंधक

प्राचार्य का संदेश

यहाँ के जिज्ञासु विद्यार्थी के रूप में आप सभी ऐसी संस्था से सम्बद्व हो रहे है जो स्वस्थ सुसंस्कृत सच्चरित्र युवा मानस के सर्वांगीण विकास की कार्यशाला है यह संस्थान सभी छात्र–छात्राओं के समय विकास हेतु तत्पर एंव प्रतिबद्व है। महाविद्यालय पुस्तकीय के अतिरिक्त नैतिक मूल्यों उच्च मानवीय आर्दशों तथा राष्ट्रीय विकास के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य एंव सस्कार संवर्द्वन का उत्कुश्ट परिवेश है। छात्र एंव छात्राओं को यहां पर भारतीय आदर्श एंव नैतिक जीवन मूल्यों की शिक्षा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय में स्तरीय स्वाध्याय हेतु पुस्तकालय एंव अध्ययन हेतु सुयोग्य एंव अनंभवी प्राध्यापक उपलब्ध है। सभी छात्र/छात्राएं इन सुंविधओं के अधिकाधिक उपयोग से अपना भविश्य उज्जवल बनायें एंसी मेरी भुभकामना है। सूर्य अत्यन्त तेजवान अन्धकार को दूर करने वाला एंव ऊश्मा प्रदान करने वाला होता है, परन्तु अज्ञान रूपी अन्धकार को सैकड़ों सूर्य एक साथ मिलकर भी दूर नहीं कर सकते। शिक्षक ज्ञान रूपी अमृत से परिपूर्ण उस कलश के समान है जो जानामृत प्रदान करने के बाद भी कभी रिक्त नहीं होता है। शिक्षक ज्ञान का प्रदाता है। शिक्षक की महत्ता अपार है। अज्ञान रूपी अन्धकार को अपनी शिक्षा उपदेश अथवा ज्ञान के द्वारा दूर करने के कारण ही ऋषियों ने उसकी प्रशंसा की है।

महाविद्यालय में छात्र एंव छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें पाठ्यक्रमानुसार शिक्षित करने के साथ–साथ पाट्येतर क्रिया–कलापों एंव अपने सामाजिक दायित्यों के प्रति जागरूक करने के लिए विभागीय परिशदों के माध्यम से वर्तमान में स्वच्छता जल पर्यावरण संरक्षण एंव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसके फलस्वरूप छात्र एंव छात्राओं का ज्ञान संवर्द्वन होता है।

धन्यवाद

डॉ0 रफाकत अली

प्राचार्य

महत्वपूर्ण सूचनायें निर्देश

1 निर्देशिका को भली भाँति अध्ययन के उपरान्त ही प्रवेश आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें।
2 परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग के दोशी किसी प्रकार की असमाजिक गति विधि में संलिप्त अथवा महाविद्यालय परिसर के किसी सदस्य के प्रति अभ्रद व्यवहार के आरोपी छात्र–छात्रा का महाविद्यालय में प्रवेश सम्भव नहीं होगा।
3 महाविद्यालय प्रशासन के हित में किसी भी छात्र–छात्रा को प्रवेश देने या न देने का सम्पूर्ण अधिकार प्रवेश समिति /संस्थाध्यक्ष में सन्निहित है किसी भी छात्र–छात्रा को महाविद्यालय के हित में बिना कारण बताये महाविद्यालय प्रशासन नि कासित कर सकता है।
4 महाविद्यालय में जमा किया गया शुल्क किन्ही भी पारिस्थितियों में वापस नहीं किया जायेगा ।
5 विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म/नामांकन फार्म समय से भरकर जमा करने का दायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्रा का होगा, न जमा करने पर सारी जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की होगी।
6 विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने से पूर्व पुस्तकें वापस लौटाना तथा अदेय प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है सभी देय राशियाँ देना अनिवार्य है।
7 अवांछित तत्वों से महाविद्यालय को मुक्त रखने के लिए आवश्यक है कि महाविद्यालय परिसर में छात्र/छात्रा अपना परिचय पत्र अपने साथ अवश्य रखें व जाँच के दौरान उसे दिखाये।
8 महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान मद्यपान एंव रैगिंग वर्जित है। दोशी पाया जाना दण्डनीय अपराध होगा।

महाविद्यालय का संक्षिप्त विवरण

क्षेत्र में उच्च शिक्षा को प्रभावी करते हुए छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविश्य हेतु उच्च शिक्षा के समुचित संतुलित, सर्वागीण विकास के लिए वृजलाल पाण्डेय महाविद्यालय की स्थापना दिनांक 04/05/2018 को की गई।

महाविद्यालय समाज के उन समस्त होनहार, प्रतिभावान, गरीब, निर्बल असहाय छात्र/छात्राओं को उच्च्कोटि की शिक्षा देने के लिए कटिबद्व है जो आर्थिक अभाव एंव सुविधाओं की कमी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते है अति अनुशासित स्वच्छ एंव भान्त वातावरण में स्थित यह महाविद्यालय अतीत की गौरवमयी शिक्षण–परम्पराओं का निर्वहन करते हुए आधुनिक संसाधनों एंव उच्च प्रौद्योगिकी की सहायता से छात्र/छात्राओं के स्वर्णिम भविश्य के लिए सदैव प्रयत्नशील है।

महाविद्यालय में प्राध्यापित संकाय/विशय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार सत्र 2021–2022 से स्नातक के सभी संकायों में सेमेस्टर प्रणाली लागू

स्नातक स्तर

कला संकाय (बी0ए0) बैचलर ऑफ आर्ट तीन वर्शीय पाठ्यक्रम (6 सेमेस्टर)

समूह– अ भाशा/साहित्य	समूह– ब (प्रायोगिक विषय)	समूह– स सामाजिक विषय
1 हिन्दी 2 अंग्रेजी	1 भगोल 2 गृह विज्ञान 3 शिक्षाशास्त्र 4 समाजशास्त्र	1 प्राचीन इतिहास

विज्ञान संकाय

बैचलर ऑफ साइन्स बी0 एस0 सी0 (तीन वर्षीय पाठ्यक्रम 6 सेमेस्टर)
1 जन्तु विज्ञान
2 वनस्पति विज्ञान
3 गणित
4 भौतिक विज्ञान
5 रसायन विज्ञान

प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक नियम

1 बी0 ए0/बी0एस0सी0 प्रथम वर्श में आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न अनिवार्य होगा।
संलग्नकः–
1 हाईस्कूल अंक–पत्र एंव प्रमाण–पत्र की छायाप्रति
2 इण्टरमीडिएट अंक–पत्र एंव प्रमाण–पत्र की छायाप्रति
3 अन्तिम शिक्षण संस्था से प्राप्त चरित्र प्रमाण–पत्र तथा टी0सी0 की मूलप्रति
4 पासपोर्ट साइस की 3 फोटो
5 आधार कार्ड की छायाप्रति

शुल्क :–

1 विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं को देना होगा।
2 शारीरिक रूप से विकलांग छात्र/छात्राओं को प्रमाण–पत्र लगाने पर ही छूट प्रदान की जायेगी।

उपस्थिति

परीक्षा में भाामिल होने के लिए अनिवार्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के निर्देशनुसार कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति है।

परिचय पत्र

प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय द्वारा निर्गत प्रमाणित परिचय–पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा, जिसे महाविद्यालय के नियंता मण्डल/प्राचार्य द्वारा मांगे जाने पर छात्र/छात्रा को प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

विषय परिवर्तन

सामान्यता विशय परिवर्तन मान्य नहीं है किन्ही कारणों से विशय परिवर्तन का आवेदन छात्र/छात्राओं को करना हो, तो प्रवेश लेने के 10 दिन के भीतर विशय परिवर्तन का प्रार्थना–पत्र देना चाहिए।
विषय परिवर्तन प्राचार्य की अनुमति के बिना सम्भव नहीं है।

पुस्ताकालय–वाचनालय

महाविद्यालय में पुस्तकालय एंव वाचनालय की समुंचित व्यवस्था हैं। इसके लिए निम्नलिखित नियम होगें।

1 प्रत्येक छात्र–छात्रा को एक समय में दो पुस्तकें ही मिलेंगें, जो 15 दिनों के लिए निर्गत की जायेंगी।

2 निर्धारित समय के अन्दर पुस्तक जमा न करने पर पाँच रूपये प्रतिदिन की दर से दण्ड भुल्क देना होगा।

3 पुस्तके खराब या गायब होने पर छात्र–छात्रायें उत्तरदायी होगें।

4 समाचार–पत्र एंव पत्रिकायें केवल वाचनालय में पढने के लिए उपलब्ध होंगी।

5 वाचनालय में परिचय–पत्र दिखाकर ही प्रवे□ा किया जा सकेगा, जिसे बाद में वाचनालय से
बाहर आने पर वापस कर दिया जायेगा।

6 प्रत्येक दशा में पुस्तक विश्वविद्यालय परीक्षा से पूर्व जमा करनी होगी।

अनुशासन सम्बन्धी नियम एंव निर्देश

1 महाविद्यालय परिसर में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। कोई भी समस्या ऐसी नहीं है जिसका समाधान न हो सकें।

2 किसी प्राध्यापक/प्राध्यापिका, अधिकारी, कर्मचारी या विद्यार्थी के साथ अभद्र व्यवहार न करें।

3 प्रत्येक छात्र/छात्रा से कक्षा के अन्दर और बाहर अनुशासन बनाये रखने की आशा की जाती है।

4 महाविद्यालय में अध्यनरत प्रत्येक छात्र/छात्रा के निर्धारित ड्रेस (यूनिफार्म) पहनना अनिवार्य है।

5 प्रत्येक छात्र/छात्रा अपने वाहन इत्यादि को महाविद्यालय परिसर में निर्धारित स्थान पर ही रखें।

6 महाविद्यालय के भवन एंव किसी भी सम्पत्ति को किसी प्रकार की क्षति न पहुँचाये । महाविद्यालय के भवनो, दीवारों पर किसी भी प्रकार का पोस्टर या प्रचार सामग्री लगाना मना है।

7 महाविद्यालय परिसर कक्षा के अन्दर धूम्रपान करना व पान मसाला खाकर इधर–उधर थूकना व मोबाइल प्रयोग करना सख्त मना है।

8 यदि कोई छात्र/छात्रायें अनु□ासन बनाये रखने में दोशी पाया जायेगा तो प्राचार्य द्वारा अपराध के अनुरूप उसे निम्न दण्ड दिये जा सकते है।

(क) चेतावनी (ख) अर्धदण्ड जो 500 रु0 हो सकता है।
(ग) निलम्बन (घ) चरित्र प्रमाण पत्र न दिया जाना।

खेलकूद

महाविद्यालय में लगभग सभी खेल की व्यवस्था है और खेल उपकरण की पर्याप्त व्यवस्था है महाविद्यालय का अपना खेल का मैदान है।

छात्र/छात्रायें खेलकूद उपकरण के लिए कार्यालय से सम्पर्क कर सुविधा का लाभ उठा सकते है।

छात्रवृत्ति

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा छात्र हित के लिए छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की गई। राज्य स्तर पर पढ़ने वाले सभी श्रेणी के छात्र को समान रूप से लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश छात्रवृत्ति योजना प्रदे□ा सरकार द्वारा संचालित एक कल्याणकारी योजना।

महाविद्यालय संपर्क सूत्र

बृजलाल पाण्डेय महाविद्यालय

बैरीपुर रामनाथ मनकापुर गोण्डा (उ0प्र0)

सम्बद्धः— डॉ राममनोहर लोहिया अवध वि वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

मो0. **9839330048, 6390481006**

ईमेलः— **blpdegreecollege@gmail.com**

वेबसाइटः— **www.blpdc.in**